**प्रेस नोट संख्या - 29**

**दिनांक 19.03.2026**

**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**“ऑपरेशन चक्रव्यूह” अभियान के तहत थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज बनवाकर विदेश भेजने के नाम पर धन उगाही करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में **“ऑपरेशन चक्रव्यूह”** अभियान एवं अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.03.2026 को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 68/26 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(3) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त इजहार उर्फ मुंशीर पुत्र वारिश अली निवासी रस्तामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अभियुक्त के भाई/आवेदक खुर्शीद खान पुत्र वारिश अली निवासी रस्तामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी द्वारा दिनांक 18.03.2026 को थाना मोहनगंज पर लिखित सूचना दी गयी थी कि उसके भाई इजहार उर्फ मुंशीर उपरोक्त के विरुद्ध थाना मोहनगंज पर पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं। उसका भाई लोगों से विदेश भेजने के नाम पर धन उगाही करता है। अभियोग पंजीकृत होने के कारण उसके भाई ने अपने आधार कार्ड जोकि रस्तामऊ के पते से निर्गत है कूटरचित ढंग से ग्राम सराय मनौली तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या का बनवा लिया। कूटरचित आधार कार्ड से ही बदले पते पर पासपोर्ट बनवा लिया है तथा अब वह विदेश जाना चाहता है। अभियुक्त ने 05 अलग-अलग व्यक्तियों से कुल 3,90,000/- रुपये लिए हैं तथा सुनील व राजू के नाम के कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर अल हमीदी पेट्रोलियम कंपनी दुबई के नाम नौकरी दिलाने हेतु बनावाए गये हैं। जब भी उपरोक्त लोगों द्वारा घर आकर रुपया मांगा जाता है तो इजहार उर्फ मुंशीर द्वारा उनसे गाली-गलौज की जाती है। आवेदक द्वारा अपने भाई को रुपया वापस करने हेतु कहा गया तो अभियुक्त द्वारा आवेदक से भी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी। उपरोक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- इजहार उर्फ मुंशीर पुत्र वारिश अली निवासी रस्तामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 33 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 68/26 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(3) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी। (में वांछित)

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 राजेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज जनपद अमेठी
3. का0 अविनाश यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी
4. का0 रिनित कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 1190/16 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406, 504, 506 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 573/17 धारा 354, 506 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 nill/18 धारा ¾ यूपी गुण्डागर्दी निवारक अधि0 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 262/23 धारा 406, 420, 504, 506 भादवि व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(Va) एससी/एसटी एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।